आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मन की बात ने 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं।
2. प्रधानमंत्री ने त्योहारों के मौसम में स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।
3. द्वीपसमूह के 30 चिह्नित तटीय गांवों में आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से सुनामी रेडी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
4. पर्यटन विभाग होमस्टे संचालकों के लिए 9 नवम्बर से 6–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मन की बात ने 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं और यह सफर किसी तीर्थयात्रा–सा रहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के श्रोता सहयात्री भी रहे हैं और मार्गदर्शक भी।

प्रधानमंत्री ने त्योहारों के मौसम में स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

श्री मोदी ने कहा कि वोकल फॉर लोकल की भावना उत्पादों को दुनिया के बाजारों तक पहुंचा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ई–संजीवनी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब तक लगभग 50 करोड़ टेली–परामर्श किए जा चुके हैं।

श्री मोदी ने कहा कि आज देशभर में लगभग एक लाख नब्बे हजार 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' लोगों के जीवन में नई सुविधाएं लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि ये आरोग्य मंदिर एक तरह से ग्राम पंचायतों के लिए स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष गांधी जयंती पर खादी ग्राम उद्योग के उत्पादों की रिकॉर्ड बिक्री हुई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 31 अक्तूबर को देश महान भारतीय वैज्ञानिक नरिंदर सिंह कपानी की सौवीं जयंती मनाएगा। दुनिया उन्हें फाइबर ऑप्टिक्स का जनक के रूप में जानती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती यानी एकता दिवस पर देशभर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाता है। श्री मोदी ने सभी से इस वर्ष रन फॉर यूनिटी में उत्साहपूर्वक भागीदारी की अपील की।

प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज के विषय में कहा कि भारत के अनुरोध पर वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया था। आखिर में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली और छठ सहित आने वाले त्योहारों के लिए देशवासियो को शुभकामनाएं दीं।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के 30 चिह्नित तटीय गांवों में सुनामी रेडी कार्यक्रम के कार्यान्वयन के तहत, आपदा प्रबंधन निदेशालय ने हाल ही में हट बे, नींबूतला और पिलपिलो में जागरूकता और तैयारी गतिविधियों के तीसरे दौर का कार्यक्रम का आयोजन किया। क्षेत्र के संबंधित उप–प्रभागों, ग्राम पंचायतों और ग्राम स्तरीय सुनामी रेडी कार्यक्रम समितियों के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत हटबे में चिह्नित सुनामी–सुरक्षित क्षेत्रों और सरकारी भवनों के भौगोलिक निर्देशांक दर्ज किए गए। स्थानीय तैयारी व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए मौजूदा ग्राम स्तरीय आपदा प्रतिक्रिया योजना की समीक्षा भी की

गई और उसे अपडेट किया गया। नींबूतला और पिलपिलो में प्रतिभागियों को सुनामी के चेतावनी संकेतों, सुरक्षित स्थानों की पहचान, समय पर सुरक्षित निकासी और सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी आधिकारिक चेतावनियों व निर्देशों के पालन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा, आपदाओं के दौरान जन–धन की हानि को कम करने में सामुदायिक भागीदारी और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की भूमिका पर भी विशेष बल दिया गया।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, होटल प्रबंधन, कैटरिंग प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषण संस्थान, मुंबई के सहयोग से RAMP योजना के तहत होमस्टे संचालकों के लिए 6–दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 से 14 नवंबर तक आपदा प्रबंधन निदेशालय के प्रशिक्षण सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य वर्तमान होमस्टे संचालकों, इच्छुक होमस्टे संचालकों और उनके कर्मचारियों को होमस्टे संचालन, रूम डिवीज़न हाउसकीपिंग मानकों, अतिथि प्रबंधन और सतत पर्यावरण–अनुकूल पर्यटन के बारे में जानकारी देना है। सभी पंजीकृत एवं इच्छुक होमस्टे संचालकों और कर्मचारियों से जारी लिंक के माध्यम से अपना पंजीकरण कराने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए योजना अनुभाग से tourismplanning2013@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में हरिनागर पंचायत के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कोरंगनाला के संबंध में प्रकाशित समाचार पत्र की रिपोर्ट के जवाब में, इस मामले को उपराज्यपाल के संज्ञान में लाया गया। उपराज्यपाल के निर्देशों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, शिक्षा विभाग ने संबंधित विद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से आवश्यक कदम उठाते हुए विद्यालय के पास के पेड़ों की शाखाओं की छंटाई और विद्यालय की छत की पूरी तरह से सफाई की गई।

<><><><><><><>